


NEWS TODAY Update

युवराज

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 07+19 तिथि : 20 अप्रैल 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830


## न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## बिहार में कोरोना पीड़ितों की संख्या 86 से बढ़कर 96 हुई, एक दिन में 10 लोगों में कोरोना पॉजिटिव पाया गया, देश में 17265 संक्रमित, 543 की मौत



आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे







बिहार में कोरोना वायरस से संक्रमण के 10 नये मामला सामने आये हैं. इसके साथ ही राज्य में कोरोना पीड़ितों की संख्या बढ़कर 86 से 96 हो गई है. राज्य में सबसे पहला कोरोना पॉजिटिव 22 मार्च को पाया गया था. इसके बाद रविवार का दिन तीसरा है जबकि एक दिन में 10 लोगों में कोरोना पॉजिटिव पाया गया. जिनमें बिहारशरीफ में चार, मुंगेर में तीन, बक्सर में दो और भोजपुर में एक शामिल है. इस तकह राज्य के कोरोना पॉजिटिव जिलों में भोजपुर भी शामिल हो गया है और कोरोना संक्रमित जिलों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है.

### बिहार में अब तक 10401 सैंपलों की हुई जांच

बिहार में अब तक 10401 सैंपलों की जांच चुकी है. राज्य में अब तक 42 मरीज कोरोना से ठीक होकर घर लौट चुके है. फिलहाल बिहार में कोरोना मरीजों की संख्या 96 है. पिछले 24 घंटे में 10 कोरोना के मामले में सामने आये हैं.

### देश में 17265 संक्रमित, 543 की मौत

देश में सोमवार तक 543 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं 17265 लोग अब तक संक्रमित पाये गये है. जबकि 2500 से अधिक लोग स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं. बीते 24 घंटे में 1553 नये केस सामने आये हैं. के इलाकों में 50–60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ आंधी चलने की उम्मीद लगाई गई है.

## एईएस,जेई (चमकी बुखार) एवं कोविड –19 संक्रमण जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित चौपाल के बाद फसल कटनी कार्यक्रम में शामिल हुए डीएम



रिंकू गिरी,
स्थानीय संवाददाता, न्यूज टुडे




चकिया प्रखंड स्थित हरदिया पंचायत के भगवानपुर ग्राम अवस्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एईएस,जेई (चमकी बुखार), कोविड–19 संक्रमण के प्रति आम नागरिकों में जागरूकता के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर चौपाल में उपस्थित आम नागरिकों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कपिल अशोक शीर्षत ने कहा कि बढ़ते हुए तापमान को दृष्टि में रखते हुए एईएस, जेई (चमकी बुखार) का खतरा संभावित है, अतः आम नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे बच्चो की देखभाल में पूरी तत्परता बरतेंगे। अभिभावक बच्चों को धूप में नहीं घूमने दे बच्चो को खाली पेट नहीं रहने दे।

जिलाधिकारी शीर्षत ने कहा कि जिला प्रशाशन आम नागरिकों की हरसंभव सहायता हेतु कृत्संकल्पित है। आम नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जिला प्रशाशन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूरी तत्परता से पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि बच्चो में बुखार का लक्षण प्रकट हो तो तत्काल आवश्यक दवा दी जाय। आवश्यक दवाओं का वितरण आशा कार्यकर्ता आंगनबाड़ी सेविका एवम् सहायिका के माध्यम से वितरित कराया जा रहा है। उन्होंने बताया एईएस,जेई(चमकी बुखार) से प्रभावित बच्चो का निध ारित समय पर चिकित्सा होना अनिवार्य होता है। इस हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर अस्पताल के पिकु वार्ड में आवश्यक व्यवस्था की गई है, साथ ही निर्धारित दर पर पीड़ित परिवार रोगी को ले जाने एवम् ले आने हेतु वाहन का उपयोग कर सकते है। आवश्यक सहायता हेतु जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या : 06252242418 पर संपर्क किया जा सकता है। चौपाल में उपस्थित आम नागरिकों को कोविड–19 संक्रमण के खतरे को दृष्टि में रखते हुए सामाजिक दूरी, घर में ही रहने साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवम् सरकारी दिशा निर्देशो के अनुपालन की सलाह दी गई।

उक्त कार्यक्रम में भाग लेने से पूर्व जिलाधिकारी शीर्षत हरदिया पंचायत के भगवानपुर ग्राम स्थित वार्ड नंबर एक में फसल कटनी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उक्त अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी परियोजना निदेशक, आत्मा अनुमंडल पदाधिकारी एवम् एसडीपीओ चकिया जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि भी उपस्थित थे।

## बार कौंसिल ऑफ इन्डिया और बार कौंसिल ऑफ बिहार तथा सरकार इस संकट की घड़ी मे आम अधिवक्ताओ के तरफ भी ध्यान दे : अशोक




विश्व हिन्दू परिषद के बिहार झारखंड के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख अधिवक्ता अशोक श्रीवास्तव ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए बार कौंसिलऔफ इन्डिया और बार कौंसिल औफ बिहार तथा सरकार से मांग किया है कि वो इस संकट की घड़ी मे आम अधिवकताओ के तरफ ध्यान दे।
श्री श्रीवास्तव बताया कि वकील भी रोज की कमाई पर ही पारिवारिक और सामाजिक खर्च कर पाते है उनका कोई मासिक वेतन नही है कि आज न कल मिल जाएगा इन्होंने कहा कि अच्छे पैसे कमाने वाले वकील भी चार पांच दिन तक ही एक दिन की कमाई को चला सकते है। लेकिन होली के पहले स हो कोर्ट का बंद होना निश्चित रूप से वकिलो के लिए संकट खडा कर दिया है। इस स्थिति मे सरकार को तो सोचना ही चाहिए और साथ साथ बार कौंसिल दिल्ली और बिहार को अधिवक्ता कल्याण समिति के फिक्स डिपोजिट को तोडकर अधिवकताओ को मदद करनी चाहिए।






## 24 घंटे के अंदर तीन लोगों की हत्या से दहला पूर्वी चंपारण, पहले बाप की हत्या, अब बेटे और बहू की हत्या, एक ही चिता पर पति–पत्नी का हुआ अंतिम संस्कार



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,
न्यूज टुडे मीडिया समूह




पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पकड़िया परहा टोला में अपराधियों ने दिल दहलाने वाली घटना को अंजाम दिया है। गांव के ही किसान चन्द्रकिशोर राय (47 ), उनके एकलौते पुत्र रवि कुमार उर्फ झुन्ना राय (22), उसकी पांच महीने की गर्भवती पत्नी खुश्बू उर्फ पूजा देवी (20) की गला दबाकर हत्या कर दो गई थी। अल्ट्रासाउंड जांच के मुताबिक उसे जुड़वा बच्चे थे। पिता की लाश 17 अप्रैल की सुबह घर में मिली थी, जबकि घर से गायब पुत्र व पतोहू की लाशें 18 अप्रैल की सुबह घर से पांच सौ मीटर दूर कुबरा सरेह में मक्के के खेत से बरामद हुई थी।

जानकारी के अनुसार, हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पकड़िया परहा टोला निवासी 47 वर्षीय चंदकिशोर राय का शव शुक्रवार को घ ार में मिला था। वहीं, शनिवार को घर से पांच किलोमीटर दूर गायघाट के कुबरा पोखर के पास से उसके पुत्र झुनझुन राय और उसकी पत्नी पूजा कुमारी का शव को बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी है।
मालूम हो कि इसके पहले साल 2005 में चंदकिशोर के सात वर्षीय पुत्र को अपराधियों ने जमीन में दफन कर दिया था। उस मामले में उसके भाई का ही साला केंद्रीय कारा में बंद था। झुनझुन की शादी करने को लेकर ही इसकी चाची और शिक्षिका उर्मिला कुंवर पर भी जेल में बंद अपराधी ने दिनदहाड़े गोली चलायी थी।

इधर हरसिद्धि पकड़िया के परहा टोला में हुए ट्रिपल हत्याकांड को लेकर पुलिस ने तीन लोगों को शनिवार को हिरासत में लिया। गिरफ्तार तीनों आरोपित मृतक चन्द्रकिशोर राय के मंझले भाई वशिष्ठ राय (49), उसका बड़ा पुत्र रितेश कुमार राय (26)व रूपेश राय (23 वर्ष) है।

बताया जाता है कि उनके पास गांव में ढाई बीघा खेती की जमीन, पक्का मकान और मोतिहारी से सटे रघुनाथपुर में दो मंजिला डेरा है। इसी संपति को हड़पने की नीयत से इस हृदय विदारक घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस को आशंका है कि ट्रिपल मर्डर की साजिश भी सेंट्रल जेल मोतिहारी में रची गयी है।डीएसपी ज्योति प्रकाश ने कहा कि हम लोग कांड में उद्भेदन के लिए सफलता के करीब है। अनुसंधान की कुछ प्रक्रिया अभी चल रही है। जल्द ही सभी आरोपित पुलिस गिरफ्त में होंगे।

### कड़ी सुरक्षा में एक ही चिता पर पति–पत्नी का हुआ अंतिम संस्कार

पुलिस ने दंपति के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर भेज दिया जो रविवार को शाम चार बजे शव घर पहुंचा । पुलिस अभिरक्षा में रविवार को मृतकों का दाह संस्कार किया गया। पति–पत्नी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि मृतका के नाना मंगलापुर संग्रामपुर निवासी तेज बहादुर सिंह ने दी।

### एसआईटी टीम जांच के लिए पहुंची

एसपी के आदेश पर अरेराज के डीएसपी ने मामले की जांच के लिए एसआईटी जांच टीम का गठन किया। टीम में शामिल दारोगा मनोज कुमार सिंह, मनीष कुमार व अन्य जांच के लिए रविवार को कुबरा परहा टोला पहुंचे। टीम ने घटना स्थल का मुआयना कर पड़ताल शुरू कर दी।

## सात वर्षीय शौर्य के जन्मदिन पर केक लेकर पहुंचे नगर थानाध्यक्ष, बर्थ डे बॉय ने कहा- थैंक्यू अंकल



सम्राट, संवाददाता,
न्यूज टुडे : मोतिहारी,




कोविड–19 को लेकर पूरे देश में लॉकडाउन है. इसे सफल बनाने में पुलिस की टीम दिन–रात लगी हुई है. बेवजह सड़कों पर निकलने वालों पर पुलिस लाठियां बरसा रही है. खाकी वर्दी वालों के इस सख्त व्यवहार के बीच पुलिस के कई कार्य लोगों के दिलों को छू रहे हैं.

मोतिहारी में पुलिस का ऐसा ही एक काम देखने को मिला. शहर के चांदमारी मोहल्ले में अपने मामा के घर आए शौर्य के सातवें जन्मदिन पर पुलिस की टीम वहां केक लेकर पहुंची. इसेक बाद उसकी खुशियां देखते ही बन रही थी .शौर्य को केक देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के बाद इंस्पेक्टर अभय कुमार ने बताया कि जानकारी मिली थी कि शौर्य का आज जन्मदिन है. लेकिन लॉकडाउन के कारण केक मिलना मुश्किल था, तो शौर्य के लिए केक की व्यवस्था कर उसे देने आए हैं. इस दौरान उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावक से लॉकडाउन का पालन करने के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखने की भी अपील की.

बता दें कि शौर्य पूर्णिया के भट्ठा बाजार निवासी राजीव सिन्हा का पुत्र है. जो लॉकडाउन के पहले अपने मामा के घर आया था और लॉकडाउन के कारण यही फंस कर रह गया. पिता के अनुपस्थिति में परिवार के सदस्य सादगी के साथ शौर्य के सातवें जन्मदिन की खुशी मना रहा थे.

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830